**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगंध भवन, एन.एच. बाई पास, पी.बी. नं.2277,**
**पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची - 682025**
**टेलीफोन: 0484-2333610 से 616 तक, 2347965**
**फैक्स : 0484 - 2341935**

**अधिसूचना सं.प्रशासन/टी एस पी/01/2019-20-13**

**संविदा आधार पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी) के चयन के लिए वॉक इन टेस्ट**

स्पाइसेस बोर्ड संविदा आधार पर सोफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी) के चयन के लिए वॉक इन टेस्ट आयोजित करने का प्रस्ताव रखता है। उपरेक्त पद के लिए अपेक्षित संख्या, पात्रता मानदंड, योग्यता, कौशल, अनुभव, ज़िम्मेदारियाँ आदि नीचे दिए गए हैं :

सोफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्मिकों की अपेक्षित संख्या | एक |
| 2 | योग्यताएँ | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर इंजिनीयरिंग/कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार में बी.ई/बी.टेक या कंप्यूटर अनुप्रयोग/ कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि |
| 3 | अनिवार्य कौशल | पी एच पी, एस क्यू एल,वेब/एप्लिकेशन सर्वर और एप्लिकेशन फ्रेमवर्क |
| 4 | महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियाँ | 1.पी एच पी और एम वै एस क्यू एल/ओरेकल में सोफ्टवेयर विकास<br>2.पी एच पी  पर निर्मित मौजूदा वेब अनुप्रयोगों का रखरखाव और विकास |
| 5. | योग्यता के बाद का अनुभव | (क) पी एच पी का प्रयोग करके सोफ्टवेयर विकास/रखरखाव में न्यूनतम एक वर्ष |
| 6 | स्थान | कोच्ची |
| 7. | परिलब्धियाँ | पहला वर्ष प्रतिमाह 25,000/- रू.<br>दूसरा वर्ष प्रतिमाह 27,000/- रू. |
| 8. | आयु | 40 वर्ष से अधिक न हो |

| वॉक इन टेस्ट की तारीख, समय व स्थान | स्थान: स्पाइसेस बोर्ड<br>(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>"सुगंधभवन",एन.एच.बाई पास, पालारिवट्टम.पी.ओ,<br>कोच्ची - 682025, केरल, भारत. - फोन: 0484 2333610<br><br>तारीख : 31.07.2022<br>समय: सुबह 10.00 बजे<br><br>(स्पाइसेस बोर्ड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी) के चयन हेतु वॉक-इन-टेस्ट के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों द्वारा भरा जाने वाला फार्मेट संलग्नक -1 के रूप में संलग्न है) |
|---|---|

**उम्मीदवारों के लिए अनुदेश :**

1. उम्मीदवारों की नियुक्ति पूरी तरह से संविदा आधार पर होगी और किसी भी परिस्थिति में नियमित नियुक्ति से जुड़ी नहीं है और किसी भी स्तर पर नियमित नहीं की जा सकती है।
2. नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष के लिए वैध रहेगी और दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है और अवधि के समाप्त होने पर स्वत: समाप्त हो जाएगी। अवधि का कोई भी विस्तार स्पाइस बोर्ड के विवेकाधिकार पर होगा। नियुक्ति की अवधि किसी भी स्थिति में तीन (3) वर्ष से अधिक नहीं होगी।
3. पात्र उम्मीदवार निर्धारित तारीख एवं समय पर स्थान पर वॉक इन टेस्ट के लिए उपस्थित हो सकते हैं।
4. वॉक इन टेस्ट के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवार संलंगनक-I में संलग्न आवेदन पत्र भरेगा और वॉक इन टेस्ट पर उपस्थित होने के लिए वह केंद्र में प्रस्तुत करेगा। उम्मीदवार आवेदन पत्र में अपने हाल का पासपोर्ट आकार का फोटे चिपकाएगा। निर्धारित समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को टेस्ट पर उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं।
6. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी। यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
7. पात्रता, टेस्ट का आयोजन, विस्तृत टेस्ट एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में सभी मामलों में स्पाइसेस बोर्ट का निर्णय अंतिम रहेगा और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बोर्ड द्वारा किसी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. किसी भी तरह का अनुयाचन अयोग्यता होगी।
9. वॉक-इन-टेस्ट में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।
10. उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की औद्योगिक वेबसाइट www.indianspices.com में सूचना/अवसर पेज जांच करने और किसी तीसरी पार्टी की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।
11. दिखाई गई संख्या अनंतिम है और नए अनुप्रयोगों को विकसित करने एवं रखरखाव करने की अपेक्षा और कार्य की मात्रा के आधार पर भिन्न हो सकती हैं। ऐसी अपेक्षाओं को रैंक सूची से भरा जाएगा।
12. रैंक सूची की वैधता दो वर्ष के लिए होगी।
13. आयु, अनुभव और अन्य निर्धारित योग्यताओं की गणना वॉक इन टेस्ट की तारीख के अनुसार की जाएगी।
14. अनुभव की अवधि की गणना निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद की जाएगी।
15. सचिव, स्पाइसेस बोर्ड को किसी कारण बताए बिना या सूचना दिए बिना पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से इस विज्ञापन में संशोधन, रद्दकरण और बदलाव करने का अधिकार है। स्पाइसेस बोर्ड को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में तारीख व समय पुनर्निर्धारित करने का अधिकार है।
16. चयनित उम्मीदवार 200/- रू. के स्टैंप पेपर पर एक करार निष्पादित करेगा।
17. समापन: स्पाइसेस बोर्ड को एक (1) महीने का पूर्व लिखित सूचना देकर इस संविदा समाप्त करने का अधिकार है।
18. लिखित परीक्षा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोविड-19 नयाचार के अनुसार आयोजित की जाएगी।

**निदेशक(प्रशासन)**

तारीख: 06 जुलाई, 2022

संलग्नक-I

## स्पाइसेस बोर्ड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी) के चयन के लिए वॉक-इन-टेस्ट के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों द्वारा भरा जाने वाला फार्मेट

हाल के पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन किया गया पद का नाम | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (पी एच पी) | |
| 2 | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | |
| 3 | पिता/पति का नाम | | |
| 4 | जन्म तिथि | | |
| 5 | संपर्क विवरण | मोबाईल नं/ टेलीफोन नं | |
| | | ई-मेल आई डी | |
| 6 | संपर्क के लिए पता | | |
| | | पिन कोड | |
| 7 | स्थाई पता | | |
| | | पिन कोड | |

8. पात्रता मानदंड/प्रस्तुत की गई दस्तावेज़

| क्रमांक | पात्रता मानदंड | विवरण | | | दस्तावेज़ संलग्न है (हाँ/नहीं) | सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क) जन्म तिथि<br>ख) आयु<br>(जैसा कि वॉक इन टेस्ट की तारीख को है, 40 वर्ष से अधिक न हो) | क)<br><br>ख) | | | | |
| 2. | शैक्षिक योग्यताएँ | विश्वविद्यालय /संस्था का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्त अंकों के प्रतिशत के साथ प्राप्त श्रेणी | | |
| 3. | | | | | | |

9. अनुभव का विवरण

| **क्रमांक** | **अनुभव का क्षेत्र** | **अनुभव का विवरण** | | **अवधि** | | **दस्तावेज़ संलग्न है (हाँ/नहीं)** | **सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन के लिए)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **धारण किए पद (कर्मचारी)** | **संस्था का नाम** | **से -तक** | **पूरे किए वर्ष एवं महीने** | | |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | |

## <u>घोषणा</u>

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत की गई सभी जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच और सही है। मैं समझता/समझती हूँ और सहमत हूँ कि चयन/टेस्ट/साक्षात्कार के पहले या बाद में किसी भी समय उपरोक्त दी गई जानकारी झूठी या गलत/अपूर्ण पाई गई या अपात्रता पाई जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा और मैं स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय पर बाध्य रहूँगा/रहूँगी। मैंने उपरोक्त सभी निबंधन व शर्तें पढ़ लिया है और मैं संविदा आधार पर सोफ्टवेयर इंजिनीयर (पी एच पी) की नियुक्ति के लिए सभी निबंधन व शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ।

स्थान : हस्ताक्षर :

तारीख: नाम: